KHAN GS RESEARCH CENTRE

Kisan Cold Storage, Campus, Mussallahpur,Patna - 06
Mob. : 8877918018, 8757354880

प्राचीन इतिहास
ANCIENT HISTORY

Chapter's Name

1. प्रागैतिहासिक काल (Prehistoric Period)
2. आद्य-ऐतिहासिक काल (Proto historic Period)
3. ऐतिहासिक काल (Historical Period)

By : Khan SIR
मानचित्र विशेषज्ञ

प्राचीन इतिहास
Ancient History

इतिहास (History)

- प्रागैतिहासिक काल (Prehistoric Period)
  - पुरा पाषाण काल Palaeolithic Period
  - मध्य पाषाण काल Mesolithic Period
  - नवपाषाण काल Neolithic Period
  - ताम्र पाषाण काल Chalcolithic Period
- आद्य ऐतिहासिक काल (Protohistoric Period)
  - सिंधु सभ्यता Indus valley civilization
  - कांसा Bronze
  - हड़प्पा Harappan
- ऐतिहासिक काल (Historical Period)
  - प्राचीन काल (Ancient Period)
  - मध्यकाल (Medieval Period)
  - आधुनिक काल (Modern Period)
  - नेहरू काल (Nehru Period)
  - विश्व (World)

- ☞ अतीत का अध्ययन **इतिहास** कहलाता है।
- ☞ इतिहास के जनक **हेरोडोटस** को कहते हैं।
- ☞ मानवजाति का पालना **अफ्रीका महादेश** को कहते है।
- ☞ जबकि सभ्यता का पालना **एशिया महादेश** को कहते है।
- ☞ **इतिहास को 3 खण्डों में बाँटते हैं–**

1. प्रागैतिहासिक काल (Prehistoric History)

इतिहास का वह समय जिसमें मानव लिखना पढ़ना नहीं जानता था। इसकी जानकारी केवल पुरातात्विक साक्ष्य से मिली है। इसके अंतर्गत पाषाण काल को रखते हैं।

पाषाण काल (Stone Age)

- ☞ वह समय जब मानव पत्थर के औजार एवं हथियार को उपयोग करता था, पाषाण काल कहलाता है।
- ☞ भारत में सर्वप्रथम 1863 ई० में **रार्बट ब्रुस फ्रुट** ने पाषाणकालीन सभ्यता की खोज की।
- ☞ भारतीय पुरातत्व का पिता सर **अलेक्जेंडर कनिंघम** है।
- ☞ भारत का पुरातात्विक संग्रहालय **इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय** है जो संस्कृति मंत्रालय के अधीन है।
- ☞ मिलने वाले धातु के आधार पर नामकरण **क्रिश्चयन थॉमस** ने किया।
- ☞ लिखावट के आधार पर नामकरण **जॉन ब्रूस** ने किया।
- ☞ **पाषाण काल को 4 भागों में बाँटा गया है–**

1. **पुरापाषाण काल (Palaeolithic Period) (20 लाख ई०पू० से 12,000 ई०पू० तक)–**

यह इतिहास का सबसे प्रारम्भिक समय था। इस समय के मानव को आदि मानव कहा जाता है। इस समय का मानव खानाबदोश (खाद्य संग्राहक) अर्थात् उसके जीवन का मुख्य उद्देश्य जानवरों की भाँति ही अपना पेट भरना था। इस समय के मानव की सबसे बड़ी उपलब्धी आग की खोज थी।

- ☞ इस समय मानव पत्थर के बड़े-बड़े औजारों का इस्तेमाल शिकार करने के लिए करते थे। इसी समय मानव ने चित्रकारी करना प्रारंभ किया।
- ☞ भिमबेटका के गुफाओं में **पुरा पाषाण काल** के चित्र देखने को मिलते हैं। जो मध्यप्रदेश के अब्दुलागंज (रायसेन) में स्थित है।

BY KHAN SIR (मानचित्र विशेषज्ञ)